# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

18 नवंबर 2023, शनिवार

**<u>केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा तेलंगाना के गडवाल, नलगोंडा और वारंगल ईस्ट में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>**

**भाजपा सरकार आने पर तेलंगाना का मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग से बनेगा।**

**********************

**कांगेस और BRS दोनों पिछड़े समाज की विरोधी पार्टी हैं, पिछड़े समाज का भला मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ही कर सकती है।**

**********************

**झूठे वादे करने में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाली BRS को अब VRS देने का समय आ गया है।**

**********************

**तेलंगाना का यह चुनाव केसीआर के नेग्लिजेंस के खिलाफ मोदी जी के गुड गवर्नेंस का चुनाव है।**

**********************

**बीआरएस में बी का मतलब है -भ्रष्टाचार, आर से रिश्वत, एस से समिति, यानी कि - 'भ्रष्टाचार रिश्वत समिति'**

**********************

**अगर पूरे भारत में साइज़ के हिसाब से सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है तो केसीआर के तेलंगाना में हुआ है।**

**********************

**तेलंगाना की जनता को तय करना है कि उन्हें मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार का विकास चाहिए या केसीआर के झूठे वादे चाहिए।**

**********************

**कांग्रेस पार्टी, बीआरएस, और मजलिस पार्टी तीनों परिवारवादी 2जी, 3जी और 4जी पार्टियां हैं।**

**********************

**केसीआर को ओवैसी के कारण 'हैदराबाद विमोचन दिवस' नहीं मानते, लेकिन भाजपा की सरकार बनने पर हर साल हैदराबाद विमोचन दिवस को राज्योत्सव के तौर पर मनाया जाएगा।**

**********************

**केसीआर ने पिछले विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता से वादा किया था यदि उनकी पार्टी जीतती है, तो दलित को मुख्यमंत्री बनाएंगे। लेकिन अब वे अपने बेटे केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं।**

**********************

**केसीआर ने ओवैसी के दबाव में मुसलमानों को गैरसंवैधानिक आरक्षण दिया, भाजपा की सरकार बनने पर धार्मिक आरक्षण को समाप्त कर ओबीसी और अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण देकर उनके अधिकारों को सुरक्षित किया जाएगा**

**********************

## कार भले ही केसीआर की बीआरएस का चुनाव चिन्ह है पर उसका स्टीयरिंग ओवैसी के हाथ में है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज तेलंगाना के गडवाल, नलगोंडा और वारंगल ईस्ट_में आयोजित विशाल रैलियों को संबोधित किया और राज्य के भ्रष्टाचारी और तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा पार करने वाली केसीआर सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि **जोगुलंबा शक्तिपीठ के पुनरुद्धार और उनके हितों को ध्यान में रखते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने ₹70 करोड़ आवंटित किए थे।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने **शक्तिपीठ के विकास के लिए ₹100 करोड़ देने की घोषणा की मगर सिर्फ ₹20 करोड़ खर्च किया।** उन्होंने जनता को आश्वासन देते हुए कहा कि भाजपा सरकार बाकी का ₹80 करोड़ तेलंगाना सरकार को देकर शक्तिपीठ को और अधिक सुंदर यात्रा धाम बनाएगी।

श्री शाह ने कहा कि आगामी तेलंगाना चुनाव अगले 5 वर्षों के लिए भविष्य निर्धारित करने वाला है। भविष्य के 5 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार का विकास चाहिए या केसीआर के झूठे वादे चाहिए, यह जनता को तय करना है। **अब बीआरएस को वीआरएस देकर उन्हें रिटायर्ड करने का टाइम आ गया है। यह केसीआर की सरकार और चंद्रशेखर राव को झूठे वादे करने में इन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राप्त किया है। गरमगुंडा पुल पूरा करने का वादा किया था जो नहीं हुआ, गट्टू इरिगेशन (सिंचाई) प्रोजेक्ट पूरी नहीं की। गडवाल में मेडिकल कॉलेज 320 बिस्तर वाला देना था वह वादा भी पूरा नहीं किया। कृष्णा नदी पर गढ़वाल से बिराली तक फूल बनाना था वह भी नहीं बनाया। गडवाल में 500 डबल बैडरूम वाले घर गरीबों को देने थे, वह भी नहीं दिए।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने बीआरएस की सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि गडवाल में हथकरघा बुनकर पार्क का निर्माण होना था, सिर्फ उसका निर्माण उद्घाटन तक सीमित हो गया। इसके साथ राज्य किसानों को भी कोई अधिकार नहीं दिया है। वाल्मीकि समाज के कल्याण की सिफारिशें भी केंद्र सरकार के पास नहीं भेजी है, आप (जनता) यहां कमल फूल की सरकार बनाइये, हम इस पर जरुर विचार करेंगे। **मोदी जी ने घोषणा की है कि तेलंगाना का अगला मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग से होगा। भारतीय जनता पार्टी तेलंगाना को पहला पिछड़ा वर्ग का मुख्यमंत्री देने का वादा करती है।** तेलंगाना में 52 प्रतिशत ओबीसी वर्ग के तो दूसरे 135 पिछड़े वर्ग की जातियां हैं, लेकिन अब तक उनमें से किसी एक जाति या वर्ग से किसी को भी मुख्यमंत्री का पद नहीं मिला है। उन्होंने जनता से वादा किया कि **राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से चुना जाएगा**। बीआरएस की सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पिछड़ा वर्ग को टिकट देने में अन्याय किया और कांग्रेस ने भी पिछड़ा वर्ग के साथ टिकट बंटवारे में उचित न्याय नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बीआरएस के मुकाबलें भारतीय जनता पार्टी ने अधिक पिछड़ा वर्ग को टिकट देने का काम किया है। **केसीआर ने अपने शासनकाल में पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए ₹3300 करोड़ का बजट आवंटित किया, परंतु उनकी सरकार खर्च केवल ₹77 करोड़ कर पाई है जो कि पिछड़ा वर्ग के साथ छलावा व धोखा है।**

श्री शाह ने केंद्र सरकार में शामिल मंत्रियों के जातीय विवरण देते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मंत्रिमंडल में 27 मंत्री पिछड़े वर्ग समाज से आते है। इसके साथ आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में भारत को पहला बैकवर्ड प्रधानमंत्री देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। माननीय प्रधानमंत्री जी **ने ओबीसी कमिशन को संवैधानिक मान्यता देकर सूची में संशोधन करने का अधिकार राज्य सरकारों को दिया है। मेडिकल की ऑल इंडिया कोटा स्कीम में 27% आरक्षण देने का काम भी श्मोदी ने किया है**। कांग्रेस और बीआरएस, दोनों ही पिछड़े वर्ग विरोधी पार्टियां हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही केवल पिछड़े वर्ग के अधिकारों व उनके कल्याण का काम कर सकती है। केसीआर ने तेलंगाना के युवाओं को सबसे बड़ा नुकसान पहुंचाया है, 7 सालों में तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (TSPSC) की 6 वर्गों की परीक्षाओं में 16 बार पेपर लीक हुए हैं, भर्ती में भ्रष्टाचार के कारण कई युवा आत्महत्या करने मजबूर हुए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में **भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर 5 सालों में पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से 2.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देना सुनिश्चित करेगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि तेलंगाना राज्य का संघर्ष वहां की जनता कभी नहीं भूल सकती। **सरदार वल्लभभाई पटेल ने तेलंगाना को निजाम के शासन से स्वतंत्र कराया और केसीआर को ओवैसी के कारण 'हैदराबाद विमोचन दिन' मनाने में शर्म आ रही है।** उन्होंने घोषणा की कि **भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर हर साल हैदराबाद विमोचन दिन को राज्य का उत्सव मानकर मनाया जाएगा**। केसीआर ने तुष्टिकरण की राजनीति के लिए मुसलमानों को धार्मिक आधार पर आरक्षण प्रदान किया है, जो संविधान के खिलाफ है। **भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर धार्मिक आरक्षण को समाप्त कर ओबीसी और अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण देकर उनके अधिकारों को सुरक्षित किया जाएगा।** धार्मिक तुष्टीकरण की आड़ में केसीआर ने श्री भद्राचलम राम मंदिर में राम नवमी में राज्य की ओर से वस्त्र देने की परंपरा भी समाप्त कर दी। **कार भले ही बीआरएस का चुनाव चिन्ह है पर उसका स्टीयरिंग ओवैसी के हाथ में है। कांग्रेस पार्टी, बीआरएस, और मजलिस पार्टी तीनों 2जी, 3जी, और 4जी पार्टियां हैं। 2जी का मतलब है केसीआर और केटीआर दो पीढ़ी से पार्टी चला रहे हैं। ओवैसी भी तीन पीढ़ी से पार्टी के मालिक बने हुए हैं। कांग्रेस तो 4जी पार्टी है - जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, राहुल गांधी - एक ही परिवार के लोग चार पीढ़ियों से कांग्रेस को चला रहे हैं।**

श्री शाह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि तेलंगाना को 2जी, 3जी, 4जी से मुक्त कराइए और चंद्रमा पर लहराने वाले वाले मोदी जी को मौका दीजिए। **बीआरएस में बी का मतलब है भ्रष्टाचार, आर से रिश्वत, एस का मतलब है समिति, यानी कि - 'भ्रष्टाचार रिश्वत समिति'। अगर पूरे भारत में साइज़ के हिसाब से सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है तो तेलंगाना में हुआ है।** मिशन भागीरथ घोटाला, मियापुर भूमि सौदा घोटाला- ₹4000 करोड़, आउटरिंग घोटाला- ₹7300 करोड़, कालेश्वर डेम घोटाला- ₹40,000 करोड़, शराब घोटाला, पॉल्ट्री चारा घोटाला और तमाम घोटाले बीआरएस सरकार द्वारा किए गए। **केसीआर ने पिछले चुनाव में राज्य की जनता से वादा किया था की उनकी पार्टी जीतेगी तो दलित को मुख्यमंत्री बनाएंगे, लेकिन वे (केसीआर ) दो बार जीत गए, दलित मुख्यमंत्री तो दूर बल्कि अब वे केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना चाहते है। प्रदेश की जनता को उनसे पूछना चाहिए कि ऐसी वादा खिलाफी करके वे कहां जाएंगे?** कांग्रेस पार्टी ने हमेशा तेलंगाना के साथ अन्याय किया है। 2004 से 2014 तक संयुक्त आंध्रप्रदेश (आंध्रप्रदेश+ तेलंगाना) को सिर्फ ₹2 लाख करोड़ आवंटित किए थे लेकिन उल्लेखनीय है कि मोदी जी ने केवल 9 साल में तेलंगाना को 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपया दिया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनाना चाहिए या नहीं? कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा यह **कांग्रेस पार्टी 70 साल से राम मंदिर को अटका, लटका, भटका रही थी लेकिन मोदी जी ने राम मंदिर का भूमि पूजन किया और आगामी 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है।** श्री अमित शाह ने जनता को संबोधित कर कहा कि भाजपा की सरकार में राज्य के सभी लोग व विशेष कर माताएं, बहने रामलला का दर्शन करवायेंगे। इसलिए तेलंगाना में **कमल फूल की सरकार बना दीजिए जिससे प्रदेश के सभी लोगो को निःशुल्क बारी-बारी अयोध्या राम मंदिर का दर्शन करवायेंगे।** उन्होंने अंत में तेलंगाना की जनता से निवेदन करते हुए कहा कि तेलंगाना को विकास की राह पर अग्रसर करने के लिए कमल की सरकार बनाना बहुत जरूरी है।

***************